1 मार्च 2026
रविवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



कोको कोला की पहली बॉटलिंग यूनिट और जेके सीमेंट ग्राइंडिंग प्लांट का भव्य उद्घाटन 2



## एक नजर

### होली से पहले रेलवे स्टेशनों बस अड्डों पर बढ़ी भीड़

**नई दिल्ली।** होली के नजदीक आते ही रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भीड़ बढ़ाना शुरू हो गई है। दूर-दराज से आकर दिल्ली में काम करने वाले लोग शनिवार से ही अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगे हैं।इसको लेकर रेलवे ने भी कमर कसनी शुरू कर दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बैरिकेडिंग की गई है। जगह-जगह सुरक्षा के इंतजाम हैं। काउंटर बढ़ाकर लाइनें अलग-अलग कर दी गई हैं। यात्री आसानी से स्टेशन में प्रवेश कर पा रहे हैं। विशेष होल्डिंग एरिया और फर्स्ट एड बूथ बनाए गए हैं। साथ ही उत्तर रेलवे ने होली पर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेनें फरवरी के अंत से मार्च के मध्य तक विभिन्न तिथियों में संचालित होंगी। लवे के अनुसार, छपरा-आनंद विहार टर्मिनल और गोरखपुर-नई दिल्ली रूट पर 3 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

### जांच की दिशा से भटकी, भ्रष्टाचार की बजाय मनी लॉन्ड्रिंग पर जोर

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाले की सीबीआई की जांच शुरू से ही गलत दिशा में चली गई थी। देश की प्रीमियम जांच एजेंसी भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत सरकारी पद के दुरुपयोग के सुबूत जुटाने के बजाय मनी लॉन्ड्रिंग और मनी ट्रेल के सबूत जुटाने मी अटक गई। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत दाखिल चार्जशीट में साउथ लाबी जैसे शब्द का प्रयोग और गोवा चुनाव तक रिश्वत की रकम पहुंचने को सुबूत के रूप पेश करना इसी का परिणाम है। ईडी और सीबीआई में हाईप्रोफाइल मामलों से जुड़े कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार सीबीआई और ईडी की जांच अलग-अलग है। सीबीआई आबकारी घोटाले में भ्रष्टाचार की जांच कर रही थी, वहीं ईडी घोटाले में हुई मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही थी। भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 17 में स्पष्ट प्रविधान है कि सरकारी अधिकारी यदि अपने पद का दुरूपयोग कर किसी को लाभ पहुंचाने की कोशिश करता है और उसके ठोस सबूत हों, तो इसके लिए उसे सजा हो सकती है।

# यूपी-बिहार समेत देश के अधिकांश हिस्सों में रहेगा लू का कहर

- यूपी, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और दक्षिण के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक लू की आशंका
- फरवरी 2026 में 2001 के बाद सबसे कम बारिश दर्ज हुई और तापमान सामान्य से अधिक रहा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ( आईएमडी ) ने शनिवार को अपने मासिक पूर्वानुमान में यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदान, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु के कुछ हिस्से शामिल हैं। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया, 'मार्च-अप्रैल-मई के दौरान सामान्य से अधिक दिनों तक लू के प्रकोप की आशंका सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधनों, बिजली की मांग और आवश्यक सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है, विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, खुले में काम करने वाले श्रमिकों और पहले से बीमार व्यक्तियों के लिए। हालांकि, मार्च के दौरान, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के कुछ हिस्सों और मध्य और प्रायद्वीपीय भारत को छोड़कर, देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। इस बीच, उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिणी प्रायद्वीप और पूर्वी तट के कुछ हिस्सों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है, जहां मार्च के दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि मार्च 2026 के दौरान भारत में औसत वर्षा सामान्य रहने की संभावना है। 1971 से 2020 तक के आंकड़ों के आधार पर, मार्च के दौरान देश में दीर्घकालिक औसत वर्षा (एलपीए) लगभग 29.9 मिमी है।

# पीएम मोदी ने पहले मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर प्लांट2 का किया उद्घाटन

**एजेंसी। अहमदाबाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की पहली श्सेमीकंडक्टर असेंबली,टेस्ट और पैकेजिंगश्यूनिट का उद्घाटन किया। यह प्लांट भारत में पहली ऐसी इकाई है, जहां सेश्मेड-इन-इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल का उत्पादन और निर्यात शुरू होगा। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 22,500 करोड़ रुपये से अधिक है और यह भारत को ग्लोबल सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना देगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अब सिर्फ सॉफ्टवेयर ही नहीं,बल्कि हार्डवेयर और सेमीकंडक्टर निर्माण में भी वैश्विक पहचान बना रहा है। उन्होंने इसे भारत-अमेरिका तकनीकी साझेदारी और ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 20वीं सदी इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन की थी,जहां फैक्ट्रियों और मशीनों ने देशों की तकदीर बदली। लेकिन 21वीं सदी एआई रेवोल्यूशन की है और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सबसे अहम पुल है। उन्होंने कहा कि अगर पिछली सदी का रेगुलेटर ऑयल था,तो इस सदी का रेगुलेटर माइक्रो-चिप होगी।

### सीएम ने पीड़ितों को मुआवजे देने का किया ऐलान, 4 अधिकारी भी निलंबित

# आंध्र प्रदेश : पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट 21 लोगों की मौत, 8 लोग गंभीर



- लापरवाही बरतने के आरोप में चार अधिकारी भी निलंबित

**एजेंसी। काकीनाडा**

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलपालेम गांव पटाखा फैक्ट्री में शनिवार दोपहर हुए भीषण विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 15 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं हादसे के बाद मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सख्त रुख अपनाया है। मामले में चार वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायडू ने मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये देने की घोषणा की है। वहीं, राज्य के मंत्री कंदुला दुर्गेश ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ उस समय यूनिट में लगभग 30 कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि धमाका इतना तेज था कि कई शव छिटक कर पास के धान के खेतों में जा गिरे। पुलिस ने खेतों में बिखरे शवों और अंगों की तलाश के लिए ड्रोन तैनात किए हैं।

**दोपहर 2 बजे हुआ धमाका**

बताया गया कि विस्फोट दोपहर करीब 2 बजे हुआ। इस विस्फोट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में घटनास्थल से आग और धुएं के गुबार उठते देखे जा सकते हैं। वहीं हमले की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हादसे में मारे गए लोगों के शवों को स्थानीय लोग खाद की बोरियों से बनी चादरों (बराकालु) में उठा कर ले गए।

### पीएम और गृहमंत्री ने जताया शोक

वहीं,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शोक जताया है। साथ ही उन्होंने मृतकों के परिजनों को पीएम राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी हादसे पर गहरा दुख जताया और कहा कि राहत व बचाव कार्य जारी है।

### सीएम चंद्रबाबू नायडू ने किया दौरे का ऐलान

मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि यह राज्य का सबसे बड़ा विस्फोट है और पूरी घटना की जांच कराई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और वरिष्ठ मंत्रियों को मौके पर भेजा।घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एन. चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत कार्य चलाने और घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर गृह मंत्री वांगलापुडी अनीता घटनास्थल के लिए रवाना हो गईं।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यूनिट में विस्फोट के समय बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री का स्टॉक मौजूद था, जिससे मामूली चूक भी बड़े हादसे में बदल गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आग लगने और विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं। मृतकों में अधिकांश मजदूर गरीब तबके से बताए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

# ईरान और इजराईल युद्ध से खाड़ी देशों में बिगड़े हालात

### एअर इंडिया की दुबई, यूएई, सऊदी अरब, दोहा और कतर की फ्लाइटें रद्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमलों के बाद खाड़ी क्षेत्र में हालात के लगातार बिगड़ने से प्रमुख विमानन गंतव्य एवं वाणिज्यिक केंद्र दुबई से आने-जाने वाली उड़ानों का संचालन शनिवार को बड़े पैमाने पर बाधित हुआ। हवाई क्षेत्र बंद होने से पूरे खाड़ी क्षेत्र में कई उड़ानें बाधित हुई हैं। दुबई हवाई अड्डे के बयान में कहा गया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हवाई क्षेत्र को आंशिक रूप से बंद किए जाने के परिणामस्वरूप डीएक्सबी और ह्नदुबई वर्ल्ड सेंट्रल-अल मकतूम इंटरनेशनलह्न (डीडब्ल्यूसी) पर कुछ उड़ानें रद्द की गई हैं या उनमें देरी हुई है। बयान में कहा गया कि हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप अपनी विमानन कंपनी से संपर्क करें और इस समय डीएक्सबी या डीडब्ल्यूसी की ओर जाने से बचें। दुबई के दोनों हवाई अड्डों-दुबई इंटरनेशनल (डीएक्सबी) और दुबई वर्ल्ड सेंट्रल (डी डब्ल्यू सी)- का स्वामित्व दुबई एयरपोर्ट्स के पास है और यह इनका संचालन एवं प्रबंधन करती है। दुबई से और दुबई के लिए महाद्वीपों के लगभग सभी देशों में 100 से अधिक विमानन कंपनियां उड़ानें संचालित करती हैं। हवाई क्षेत्र बंद होने से एमिरेट्स और एअर इंडिया सहित कई कंपनियों की उड़ानें बाधित हुई हैं। एमिरेट्स ने कहा कि हम स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रहे हैं, संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं और ताजा घटनाक्रम के अनुरूप अपने परिचालन में बदलाव कर रहे हैं। एमिरेट्स सभी नियामकीय आवश्यकताओं का पालन करता है और विमानन प्राधिकरणों द्वारा जारी दिशानिदेर्शों का अनुसरण करता है।

# असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने तैयार की 40 प्रत्याशियों की लिस्ट

**मुंबई ।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई आगामी असम विधानसभा चुनाव में जोरहाट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं। गौरव गोगोई वर्तमान में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। सूत्रों के अनुसार, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लगभग 40 उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया गया। विधानसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा के बाद पार्टी द्वारा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए जाने की उम्मीद है। गौरव गोगोई वर्तमान में असम की प्रतिष्ठित जोरहाट लोकसभा सीट से सांसद हैं। 2023 के आम चुनावों में, गोगोई – जो असम कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने टोपोन कुमार गोगोई को हराया था। गौरव को 7,51,771 वोट मिले, जबकि टोपोन को 6,07,378 वोट मिले, जिससे उन्होंने 1,44,393 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। एक सांसद के रूप में, गोगोई अगस्त 2023 में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद सुर्खियों में आए। हालांकि गौरव सदन के अंदर और बाहर हमेशा भाजपा सरकार के मुखर विरोधी रहे हैं, लेकिन पिछले साल अगस्त में नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद वे सुर्खियों में आ गए। उनका भाषण तुरंत लोकप्रिय हो गया, खासकर युवाओं के बीच। राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले गोगोई कई सदन समितियों के सदस्य रह चुके हैं, जैसे कि रेल संबंधी स्थायी समिति, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की सलाहकार समिति और लोकसभा सदस्यों के साथ प्रोटोकॉल उल्लंघन और सरकारी अधिकारियों के अपमानजनक व्यवहार से संबंधित समिति।






# माटी की खुशबू से सिलिकॉन वैली तक : किसान पुत्र हिमांशु ने रचा सफलता का नया इतिहास

**बक्सर के युवा अभियंता को अंतरराष्ट्रीय कंपनी में बड़ी जिम्मेदारी, अमेरिका में करेंगे विशेष परियोजना का नेतृत्व, ढाई करोड़ सलाना का मिला पैकेज**



**केटी न्यूज/बक्सर**

कहते हैं कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, और इस कहावत को सच कर दिखाया है बक्सर के एक साधारण किसान परिवार से आने वाले हिमांशु पटेल ने। इटाढ़ी रोड स्थित ओल्ड राइस मिल मोहल्ला निवासी राम पटेल के पुत्र हिमांशु ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। सिमरी प्रखंड के बड़का सिंघनपुरा गांव के मूल निवासी हिमांशु ने प्रारंभ से ही पढ़ाई में असाधारण प्रतिभा दिखाई। 11वीं और 12वीं की शिक्षा उन्होंने डीएवी पब्लिक स्कूल, बक्सर से पूरी की। इसके बाद पंजाब से अभियांत्रिकी स्नातक (बी.टेक) की पढ़ाई की, जहां वे स्वर्ण पदक प्राप्त कर अव्वल रहे। वर्ष 2020 में उन्होंने प्रथम प्रयास में ही ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेधा का परिचय दिया। इसके उपरांत उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी से वर्ष 2022 में कंप्यूटर विज्ञान में परास्नातक (एम.टेक) की डिग्री प्राप्त की। उच्च तकनीकी शिक्षा पूरी करने के बाद वे वर्तमान में बेंगलुरु स्थित अमेजन कंपनी में सॉफ्टवेयर विकास अभियंता-2 के पद पर कार्यरत हैं। अब हिमांशु को कंपनी की एक विशेष अंतरराष्ट्रीय परियोजना के तहत अमेरिका के अर्लिंग्टन शहर भेजा जा रहा है। उन्हें एल-1बी श्रेणी का वीजा प्राप्त हुआ है, जिसे विशेषज्ञता आधारित और अत्यंत चुनौतीपूर्ण वीजा माना जाता है। कड़े आप्रवासन नियमों के बीच यह उपलब्धि अपने आप में बड़ी सफलता है। सूत्रों के अनुसार अमेरिका में उनका वार्षिक वेतन पैकेज लगभग ढाई से तीन करोड़ रुपये के बीच बताया जा रहा है। यह उपलब्धि न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले युवा भी वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं। हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, विशेष रूप से अपने बड़े पापा कमला शंकर प्रसाद तथा अपने मित्रों को दिया है। उन्होंने कहा कि बड़े पापा उनके जीवन के प्रेरणास्रोत हैं और कठिन समय में मित्रों का सहयोग उनके आत्मविश्वास को मजबूत करता रहा। एक किसान के घर जन्मे इस युवा अभियंता की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। गांव से लेकर शहर तक लोग हिमांशु की सफलता को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा मान रहे हैं। उनकी यह यात्रा इस बात का संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

# कोको कोला की पहली बॉटलिंग यूनिट और जेके सीमेंट ग्राइंडिंग प्लांट का भव्य उद्घाटन



**नावानगर-ब्रह्मपुर में 1200 करोड़ से अधिक निवेश, हजारों रोजगार की उम्मीद**

**केटी न्यूज/डुमरांव/नावानगर**

बक्सर जिला शनिवार को औद्योगिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का साक्षी बना। नावानगर औद्योगिक क्षेत्र में कोका-कोला सिस्टम की प्रमुख बॉटलिंग पार्टनर एसएलएमजी बेवरेज लिमिटेड की अत्याधुनिक पेय पदार्थ निर्माण इकाई तथा ब्रह्मपुर में 512 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित जेके सीमेंट की ग्राइंडिंग यूनिट का उद्घाटन राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया।

करीब 1200 करोड़ रुपये से अधिक के कुल निवेश वाली इन दो परियोजनाओं को बिहार में औद्योगिक विकास की नई शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

## नावानगर बना पूर्वी भारत का सप्लाई हब

नावानगर में स्थापित एसएलएमजी बेवरेज की यह इकाई बिहार में कोका-कोला सिस्टम की पहली बॉटलिंग यूनिट है। लगभग 65 एकड़ में फैला यह प्लांट दक्षिण एशिया के बड़े तकनीकी बॉटलिंग केंद्रों में गिना जा रहा है। इस प्लांट की प्रमुख विशेषताएं है कि यहां सात हाई-स्पीड उत्पादन लाइनें, लगभग 5000 बोतल प्रति मिनट उत्पादन क्षमता, कार्बोनेटेड सोडा, जूस, पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर व एसेप्टिक बेवरेज का निर्माण तथा उन्नत तकनीक से आठ माह तक शेल्फ लाइफ है। रणनीतिक रूप से स्थापित यह इकाई बिहार के साथ-साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों के लिए प्रमुख सप्लाई हब के रूप में कार्य करेगी। उत्पादन को उपभोक्ता बाजारों के निकट लाने से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी, त्वरित आपूर्ति और पीक सीजन में उत्पादों की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। कंपनी के चेयरमैन राकेश लधानी एवं निदेशक सिद्धार्थ लधानी ने इसे परिवर्तनकारी निवेश बताते हुए कहा कि इससे बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार सृजित होंगे तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मांग बढ़ने पर प्लांट विस्तार की भी संभावना रखी गई है।

## ब्रह्मपुर में 512 करोड़ की सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट

इसी क्रम में ब्रह्मपुर में जेके सीमेंट लिमिटेड की 512 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित आधुनिक ग्राइंडिंग यूनिट का उद्घाटन किया गया। इस प्लांट का उदघाटन होने से उम्मीद जताया जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर सीमेंट की उपलब्धता होगी, परिवहन लागत में कमी, निर्माण कार्यों में तेजी आएगी तथा सहायक उद्योगों व परिवहन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। यह संयंत्र अत्याधुनिक मशीनरी और पर्यावरण मानकों के अनुरूप तकनीक से लैस है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे बक्सर समेत आसपास के जिलों में बुनियादी ढांचे के विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

## सरकार का फोकस: औद्योगिक क्रांति की शुरूआत

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि एक समय बिहार में उद्योग स्थापना को लेकर आशंकाएं जताई जाती थीं, लेकिन आज बेहतर कानून-व्यवस्था और स्पष्ट औद्योगिक नीति के कारण निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्न को प्राथमिकता देते हुए उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर चुकी है। आधारभूत संरचना और सुविधाओं के विस्तार से प्रदेश में निवेश की रफ्तार तेज हुई है। दोनों मंत्रियों ने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं को तकनीकी एवं गैर-तकनीकी दोनों प्रकार की नौकरियों के अवसर मिलेंगे, जिससे पलायन पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा

डिप्टी सीएम के आगमन से पूर्व जिला प्रशासन ने प्लांट परिसरों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने दोनों संयंत्रों का भ्रमण कर उत्पादन प्रक्रियाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। समारोह में डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह, जिलाधिकारी साहिला, पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्लांट की उत्पादन क्षमता और तकनीकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## औद्योगिक मानचित्र पर उभरता बक्सर

दो बड़े औद्योगिक निवेशों के साथ बक्सर अब राज्य के औद्योगिक मानचित्र पर प्रमुखता से उभरता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी तरह निवेश और आधारभूत संरचना का विस्तार जारी रहा, तो आने वाले वर्षों में बिहार पूर्वी भारत का एक सशक्त औद्योगिक केंद्र बन सकता है। नावानगर में मेगा बॉटलिंग प्लांट और ब्रह्मपुर में सीमेंट यूनिट की स्थापना से न केवल प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि परिवहन, व्यापार, पैकेजिंग, वेयरहाउसिंग और सेवा क्षेत्र में भी नई संभावनाएं खुलेंगी।

## डुमरांव में जलजमाव से किसान परेशान, खिरौली की 100 एकड़ जमीन सालभर रहती है डूबी

**डुमरांव।** नगर क्षेत्र से सटे खिरौली गांव में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण करीब 100 एकड़ भूमि स्थायी रूप से जलमग्न बनी हुई है। शहर का अधिकांश बरसाती और नाली का पानी इसी इलाके में आकर जमा हो जाता है, जिससे खेती पूरी तरह प्रभावित हो रही है। स्थानीय किसानों का कहना है कि वर्षा के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है—खेत तालाब में तब्दील हो जाते हैं और फसल लगाना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, जलजमाव के कारण न केवल कृषि उत्पादन घटा है, बल्कि आसपास के घरों और सड़कों पर भी पानी भरने से आवागमन बाधित होता है। मच्छरों और गंदगी की वजह से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं निकला है। विशेषज्ञों का मानना है कि शहर की मुख्य सड़कों के दोनों किनारों पर सुदृढ़ नाला निर्माण और पानी निकासी की समग्र योजना के बिना समस्या का समाधान संभव नहीं है।

# लगातार दूसरे दिन पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 81 लीटर देशी शराब जब्त, तस्करी नेटवर्क पर शिकंजा

**केटी न्यूज/चक्की**

चक्की थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई कर तस्करी नेटवर्क को करारा झटका दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने शिवपुर दियर हनुमान डेरा के समीप सड़क किनारे एक व्यक्ति को भारी मात्रा में देशी शराब के साथ धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशेश्वर डेरा निवासी बिपिन सिंह, पिता रघुवंश सिंह के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके से 200 एमएल की 405 बोतल ह्यबंटी-बबलीह्न ब्रांड देशी शराब बरामद की, जिसकी कुल मात्रा करीब 81 लीटर बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सड़क मार्ग से शराब की खेप को ठिकाने लगाने की तैयारी में था।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद अवैध कारोबार में संलिप्त लोग लगातार सक्रिय हैं। ऐसे तत्वों पर नकेल कसने के लिए थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि एक दिन पूर्व भी पुलिस ने करीब 80 लीटर शराब के साथ एक अन्य तस्कर को गिरफ्तार किया था। उस कार्रवाई में 200 एमएल की 270 बोतल (54 लीटर) और 180 एमएल की 144 बोतल (करीब 25.92 लीटर) बरामद की गई थी। लगातार दो दिनों की ताबड़तोड़ कार्रवाई से शराब तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर स्थायी रोक लगाने की मांग की है।

# संगठन सृजन अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत तियरा मनोहरपुर से



**केटी न्यूज/बक्सर**

कांग्रेस पार्टी के बहुचर्चित ह्यसंगठन सृजन अभियानह्न के द्वितीय चरण की शुरूआत शनिवार को राजपुर प्रखंड के तियरा मनोहरपुर गांव से हुई। कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं महाराष्ट्र विधान परिषद सदस्य राजेश राठौर की उपस्थिति तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्य और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। अभियान का उद्देश्य संगठन को पुनः सक्रिय, सशक्त और जनआधारित बनाना बताया गया। राष्ट्रीय पर्यवेक्षक राठौर ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पहल लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के आह्वान पर प्रारंभ की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल सदस्यता अभियान नहीं, बल्कि विचारधारा से जुड़े समर्पित कार्यकताओं की नई पीढ़ी तैयार करने का संकल्प है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक मृणाल अनामय ने कहा कि आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन की मजबूती आवश्यक है। बूथ स्तर पर प्रतिबद्ध टीम के गठन से पार्टी की स्थिति सुदृढ़ होगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने बूथ कमेटियों के गठन, निष्क्रिय कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा युवा व महिला कांग्रेस की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया। राजपुर के बाद चौसा प्रखंड में भी प्रखंड अध्यक्ष राजा रमण पांडे की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। अंत में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित कर सदस्यता अभियान को गति दी जाएगी।

## एक नजर

## बक्सर में 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार, इनाम घोषित होते ही तेज हुई कार्रवाई



**बक्सर।** जिले में आपसी जमीन विवाद में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी को बक्सर पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धुरान यादव उर्फ जयप्रकाश यादव के रूप में हुई है। बक्सर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि कानून से भागने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मामला 7 जून 2023 का है, जब तिलक राय थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में प्रदीप कुमार सिंह और उनके बड़े भाई रामबचन यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान रामबचन यादव की मौत हो गई थी। इस मामले में तिलक राय थाना में कांड संख्या 187/23 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान धुरान यादव उर्फ जयप्रकाश यादव सहित कई लोगों की संलिप्तता सामने आई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे और लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस को चकमा देने के लिए वे राज्य से बाहर भी छिपते रहे। इसी बीच महज दो दिन पहले बक्सर पुलिस ने धुरान यादव और उसके भाई पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इनाम घोषित होते ही पुलिस की कार्रवाई और तेज कर दी गई। तकनीकी साक्ष्यों और मानव स्रोतों के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी। आखिरकार पुलिस टीम को सफलता मिली और धुरान यादव को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के लिए गठित टीम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरांव पोलस्त कुमार कर रहे थे। पुलिस की सटीक रणनीति और समन्वित कार्रवाई का ही नतीजा है कि लंबे समय से फरार आरोपी अब सलाखों के पीछे है। एसपी शुभम आर्य ने बताया कि अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी आपराधिक कृत्य में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बक्सर पुलिस की इस कार्रवाई से यह संदेश गया है कि अपराध कर फरार होने से बचाव संभव नहीं है। इनाम की घोषणा के बाद जिस तेजी से कार्रवाई हुई और एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई, उसने पुलिस की सक्रियता और प्रतिबद्धता को साबित कर दिया है।

## डुमरांव की समस्याओं पर विधानसभा में गूंजा स्वर, समाधान की उम्मीदें तेज

**डुमरांव।** डुमरांव विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी लंबे समय से लंबित जनसमस्याएं अब विधानसभा के पटल पर पहुंच गई हैं। क्षेत्र के विधायक द्वारा हालिया सत्र के दौरान स्थानीय मुद्दों को मजबूती से उठाए जाने के बाद राजनीतिक हलकों और आम जनता के बीच समाधान को लेकर नई उम्मीद जगी है। खासकर खिरौली इलाके में जलजमाव की गंभीर समस्या, डुमरांव बाईपास निर्माण में आ रही अड़चनें तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। जिस पर जदयू के वरिष्ठ नेता रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने डुमरांव विधायक की तारीफ की है। बता दें कि खिरौली में जलजमाव की समस्या वर्षों से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों को आवागमन, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जलजमाव के कारण करोड़ की जमीन बर्बाद हो रही है तथा पिछले तीन-चार वर्षो से फसलो की बुआई नहीं हो पा रही है। इसी प्रकार डुमरांव बाईपास का निर्माण कार्य विभिन्न कारणों से प्रभावित रहा है, जिससे शहर में यातायात का दबाव बढ़ा है और लोगों को जाम की समस्या झेलनी पड़ती है। इन मुद्दों को सदन में उठाए जाने को क्षेत्र के विकास की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है। जदयू नेता रवि उज्ज्वल ने विधायक की सक्रियता पर संतोष जताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जनता की समस्याओं को उचित मंच पर प्रभावी ढंग से रखना भी उतना ही आवश्यक है। उनका मानना है कि सदन में मामला उठने के बाद संबंधित विभागों पर कार्रवाई का दबाव बढ़ेगा और समाधान की प्रक्रिया में तेजी आएगी। उनका कहना है कि यदि सरकार और प्रशासन स्तर पर समन्वय बनाकर इन मुद्दों पर ठोस पहल की जाती है, तो डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों को वास्तविक राहत मिल सकती है। फिलहाल, क्षेत्र की जनता की निगाहें अब आगे की प्रशासनिक कार्रवाई और जमीनी स्तर पर होने वाले बदलावों पर टिकी हैं।






# बक्सर सेंट्रल जेल की दीवारों के भीतर सेंध, सुरक्षा तंत्र पर उठे सवाल

- **जेल परिसर स्थित वामनेश्वर मंदिर से चांदी का मुकुट, घंटे व उपकरण चोरी**




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली जगह बक्सर सेंट्रल जेल के भीतर चोरी की बड़ी घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। जेल परिसर में स्थित प्राचीन वामनेश्वर मंदिर में शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ली है। हैरानी की बात यह है कि यह वारदात उस इलाके में हुई, जहां 24 घंटे सशस्त्र सुरक्षा और निगरानी का दावा किया जाता है। चोर भगवान वामन का चांदी का मुकुट, पीतल के कई घंटे, मंदिर में लगा इनवर्टर और बैटरी समेत अन्य कीमती सामान अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह तब हुई जब पुजारी रोज की तरह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मुख्य द्वार का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर प्रवेश करने पर मंदिर से कीमती सामान गायब मिला, जिसके बाद तत्काल जेल प्रशासन और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और जेल प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और आसपास के इलाकों की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने जेल परिसर और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही ड्यूटी पर तैनात जेल कर्मियों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि चोर परिसर में दाखिल कैसे हुए और बाहर कैसे निकले। सबसे बड़ा सवाल यही है कि कड़ी सुरक्षा, ऊंची चारदीवारी और चौबीसों घंटे निगरानी के बावजूद चोर मंदिर तक कैसे पहुंचे। क्या सुरक्षा में कहीं बड़ी चूक हुई है या फिर अंदरूनी मिलीभगत से इस वारदात को अंजाम दिया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब जेल जैसे अति-सुरक्षित परिसर में चोरी हो सकती है, तो आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है।

घटना के बाद श्रद्धालुओं और शहरवासियों में आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और पूरे जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। मंदिर की पवित्रता से जुड़ी इस घटना ने धार्मिक भावनाओं को भी आहत किया है। प्रशासन का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही खुलासा किया जाएगा। फिलहाल, यह वारदात सुरक्षा दावों पर बड़ा सवाल बनकर खड़ी है और जवाब का इंतजार पूरे शहर को है।

## जेल परिसर स्थित वामनेश्वर मंदिर से चांदी का मुकुट, घंटे व उपकरण चोरी

# स्कूल जा रहे दो मासूमों को रौंद गया बालू लदा ट्रैक्टर, एक की दर्दनाक मौत

- **सिकरौल थाना क्षेत्र के बसाव कला में सुबह-सुबह हुआ भीषण हादसा, दूसरा बच्चा गंभीर, चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार, ग्रामीणों में उबाल**



**केटी न्यूज/नावानगर**

सिकरौल थाना क्षेत्र के बसाव कला गांव में शनिवार की सुबह बेलगाम रफ्तार ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली, जबकि दूसरा बच्चा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। स्कूल जाने के लिए घर से निकले दो बच्चों को तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने कुचल दिया। हादसे के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते पूरा इलाका शोक में डूब गया।

जानकारी के अनुसार, बसाव कला निवासी राजेंद्र कुमार सिंह के 7 वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार उर्फ बुलबुल और मिथलेश पाल के 8 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार पाल प्रतिदिन की तरह मध्य विद्यालय बसाव कला पढ़ने जा रहे थे। दोनों बच्चे जैसे ही ठाकुरपुर-बसाव कला मार्ग पर पहुंचे, पीछे से तेज गति से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रैक्टर की रफ्तार बेहद तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसा इतना भीषण था कि ऋतिक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल सुजीत को ग्रामीणों ने तत्काल बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर कर दिया।

दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सिकरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इलाके में अवैध बालू ढुलाई और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण नहीं होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।

थानाध्यक्ष अंकुश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्रशासन ने दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं ग्रामीणों ने स्कूल मार्ग पर स्पीड ब्रेकर निर्माण, पुलिस गश्त बढ़ाने और बालू ढुलाई पर सख्ती की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

## देवढ़िया में महिला का शव मिलने से हड़कंप, कई बिंदुओं पर जांच तेज

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव स्थित बधार में शनिवार की शाम एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 40 वर्षीय बुधिया देवी, पति गणेश राम, के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई और पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दी गई। परिजनों के अनुसार, बुधिया देवी पिछले पांच दिनों से घर से लापता थीं। उनके पति गणेश राम ने बताया कि वे लगातार उसकी खोजबीन कर रहे थे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार की शाम करीब चार बजे महादलित बस्ती के पूर्व स्थित पुराने बरगद के पेड़ के पास झाड़ियों में खेल रहे बच्चों की नजर शव पर पड़ी। बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए भेजने की तैयारी की गई। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को भी सूचना दी। खबर मिलते ही उसकी मां सावित्री देवी और अन्य परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में बरामद हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि मृतका के पति द्वारा गुमशुदगी की कोई औपचारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी। मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। मृतका की मां के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एसएफएल (स्टेट फॉरेंसिक लैब) की टीम भी घटनास्थल पर जांच कर रही है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही घटना के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## एक नजर

### गली में ब्रेकर को लेकर बवाल, लाठी-डंडे चले; 11 पर केस दर्ज

**कृष्णाब्रह्म।** थाना क्षेत्र के हरखाही मठिया गांव में रास्ते पर ब्रेकर निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद शुक्रवार की सुबह हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद दोनों ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कुल 11 लोगों को नामजद किया है। जानकारी के अनुसार, एक पक्ष के हरेराम गिरी ने आरोप लगाया कि उनकी गली में ब्रेकर बनाया जा रहा था, जिससे उनके वाहन के आवागमन में परेशानी होती। विरोध जताने पर कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी के साथ भी कथित तौर पर धक्का-मुक्की और मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गईं। इस मामले में दीपक गिस्वामी, गोल्डन गिरी समेत तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं दूसरे पक्ष की एक महिला ने आरोप लगाया कि वह अपने दरवाजे पर काम कर रही थीं, तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और बिना कारण उनके साथ मारपीट की। उनके बयान पर हरेराम गिरी, गोबिंदा गिरी सहित नौ लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर अलग-अलग केस दर्ज कर निष्पक्ष जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। गांव में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

### एएनएम को दी गई प्रसन्नता पूर्वक विदाई

**केसठ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसका नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विनय कुमार ने किया। समारोह के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केसठ में कार्यरत एएनएम शांति कुमारी को प्रसन्नतापूर्वक धूम धाम गाजे बाजे के साथ खुशी खुशी विदाई दी गई। इस दौरान उन्हें फूल मालाओं, अंग वस्त्र, बुके सहित अन्य उपयोग का सामान देकर उन्हें विदा किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने कहा कि शांति कुमारी का कार्यकलाप काफी सराहनीय रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन के समय से ही वह लोगों की सेवा करती आ रही है। वह काफी खुश्दिल और प्रसन्नचित महिला थी। उनके द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करना काफी असंभव सा लग रहा है।वही विदाई समारोह मे आये केसठ पंचायत मुखिया अरविंद कुमार सिंह ए एन एम शांति कुमारी को अंग वस्त्र और फूल माला से सम्मानित किये और उन्हों कहा की शांति जी अपने कार्य के प्रति बहुत ही ईमंदार रही है और इनका कार्य बहुत ही सारानीय रहा।विदाई के क्षण उनके सहपाठी ए एन एम और आशा कर्यकर्ता के साथ ही उपस्थित सभी लोग भावुकता में आकर भाव विभोर हो गए।

# नेनुआ गांव से सात वर्षीय मासूम लापता, परिजन परेशान, तलाश में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**




डुमरांव थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव से सात वर्षीय मासूम के लापता होने से स्वजनों में चिंता का माहौल है। गांव निवासी मनोज पाठक की पुत्री तान्या पाठक शनिवार की सुबह सात बजे घर के समीप खेलते समय अचानक लापता हो गई। कुछ घंटे तक बच्ची के घर नहीं लौटने पर परिजनों की बेचैनी बढ़ गई और उन्होंने आसपास के खेत-खलिहानों व पड़ोस के घरों में खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। स्थिति गंभीर होते देख परिजनों ने इसकी सूचना डुमरांव थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और गांव पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस द्वारा संभावित स्थानों की तलाशी ली जा रही है तथा आसपास के इलाकों में पूछताछ भी की जा रही है। ग्रामीणों ने भी बच्ची की खोज में पूरी रात पुलिस का सहयोग किया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है और हर संभावित पहलू को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है। आसपास के मार्गों और प्रमुख स्थानों पर नजर रखी जा रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों में मातम जैसा माहौल है और हर कोई बच्ची की सकुशल बरामदगी की दुआ कर रहा है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि बच्ची के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत स्थानीय थाना को सूचित करें, ताकि उसे सुरक्षित वापस लाया जा सके।

# कम खर्च में दोगुनी मेहनत का फल नई तकनीक से बदलेगी खेती की तस्वीर

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिले के सरेजा पंचायत में रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किसान पाठशाला में आधुनिक खेती की नई दिशा पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस ऐसी तकनीकों को बढ़ावा देना रहा, जिनसे किसानों की लागत घटे और उत्पादन में बढ़ोतरी हो सके। इस दौरान विशेषज्ञों ने परंपरागत जुताई पद्धति के बजाय सीधे बुवाई की विधि को अपनाने की सलाह दी। कृषि समन्वयक शशिभूषण सिंह ने बताया कि बिना जुताई के बीज बोने की पद्धति से डीजल, श्रम और समय तीनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि गेहूं सहित अन्य रबी फसलों में यह तकनीक कारगर साबित हो रही है। इससे मिट्टी की नमी संरक्षित रहती है और भूमि की उर्वरता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बीटीएम अमृता सिंह ने किसानों को संतुलित उर्वरक प्रयोग, उन्नत बीज चयन और कीट प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सही समय पर फसल प्रबंधन से उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार संभव है। वहीं एटीएम जितेंद्र कुमार मौर्य ने आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर बल देते हुए किसानों को सरकारी अनुदान योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

किसान सलाहकार कुमारी रीना ने समय पर बुवाई और सिंचाई प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के अनुरूप खेती के तौर-तरीकों में बदलाव जरूरी है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और नई तकनीकों को अपनाने में उत्साह दिखाया। किसानों ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग भी की, ताकि खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सके।

# इतिहास से रूबरू हुए छात्र: केपी प्लस टू उच्च विद्यालय डुमरी के छात्रों का रोहतास में शैक्षणिक परिभ्रमण

- **शेरशाह सूरी के मकबरे से लेकर प्राचीन धरोहरों तक, ज्ञान और अनुभव का मिला अनोखा संगम**

**केटी न्यूज/डुमरांव**




मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत शनिवार को केपी प्लस टू उच्च विद्यालय, डुमरी के छात्र-छात्राओं ने रोहतास (सासाराम) की ऐतिहासिक धरा पर ज्ञानवर्धक यात्रा की। प्रधानाध्यापक उपेन्द्र राय के नेतृत्व में आयोजित इस एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने इतिहास, धर्म, पौराणिकता और भूगोल से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। परिभ्रमण का मुख्य आकर्षण था शेरशाह सूरी का मकबरा, जो भारत की मध्यकालीन स्थापत्य कला का अद्भुत नमूना माना जाता है। विशाल कृत्रिम जलाशय के बीच स्थित यह मकबरा अफगान शासक शेरशाह सूरी की स्मृति में 16वीं शताब्दी में बनवाया गया था। इसकी भव्यता, लाल बलुआ पत्थर की नक्काशी और स्थापत्य शैली ने छात्रों को खासा प्रभावित किया। छात्रों ने रोहतास जिले के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने उन्हें रोहतासगढ़ किला के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। कैमूर पहाड़ियों पर स्थित यह किला प्राचीन काल से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। शेरशाह सूरी ने भी इसे अपने शासनकाल में सुदृढ़ कराया था। किले की ऊंचाई से आसपास का प्राकृतिक दृश्य छात्रों के लिए रोमांचकारी अनुभव रहा। बता दें कि धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से भी रोहतास की भूमि समृद्ध है। विद्यार्थियों को ताराचंडी मंदिर के बारे में बताया गया, जो मां दुर्गा को समर्पित प्राचीन शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। कैमूर की पहाड़ियों की तलहटी में स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। भ्रमण के दौरान शिक्षक विभिन्न स्थलों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भौगोलिक विशेषताओं की जानकारी देते रहे, जिसे छात्र-छात्राएं अपनी नोटबुक में दर्ज करते नजर आए। छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वे न केवल इन धरोहरों को देखकर अभिभूत थे, बल्कि उनके महत्व को समझने के प्रति भी गंभीर दिखे। परिभ्रमण का नेतृत्व प्रधानाध्यापक उपेन्द्र राय कर रहे थे। उनके साथ वरिष्ठ शिक्षक रंजन कुमार, संजय कुमार दूबे, मोहम्मद अशफाक, श्रीभगवान शर्मा, दिलीप कुमार और अनीश कुमार समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल रहे। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को किताबों में पढ़े गए विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलता है। शाम को सभी छात्र सुरक्षित वापस लौट आए, लेकिन उनके मन में रोहतास की ऐतिहासिक स्मृतियां लंबे समय तक जीवंत रहेंगी।

# 35 वर्षों की सेवा के बाद एएनएम लाचो देवी को भावभीनी विदाई, होली मिलन में छलका सम्मान

**केटी न्यूज/बक्सर**




चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को एक साथ सम्मान और उत्सव का माहौल देखने को मिला, जब एएनएम लाचो देवी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह के साथ होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लंबे समय तक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी रहीं लाचो देवी को उनके समर्पित योगदान के लिए अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मणिपाल ने की। इस मौके पर डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. चंद्रमणि विमल, डॉ. जयप्रकाश भारती, बड़ा बाबू धीरेंद्र ओझा, हरे राम सिंह, नितिन कुमार राय, अरविंद कुमार, सीएचओ भूपेंद्र नाथ सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने लाचो देवी के सेवा काल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान, प्रसव पूर्व जांच और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि लाचो देवी ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ किया। उनकी कार्यशैली और व्यवहार ने न केवल सहकर्मियों बल्कि क्षेत्र की महिलाओं और परिवारों के बीच भी विश्वास कायम किया। स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। समारोह के दौरान होली मिलन कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व की खुशियां साझा कीं। अपने संबोधन में लाचो देवी ने सहयोगियों के साथ बिताए पलों को याद करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम आत्मीय माहौल में संपन्न हुआ।

# होली मिलन समारोह में अंजबित सिंह कॉलेज में जमकर उड़ें अबीर-गुलाल

- **प्राचार्य के साथ कर्मियों ने कॉलेज संस्थापक नेपाली सिंह को किया नमन**

**केटी न्यूज/रोहतास**

होली मिलन समारोह में शनिवार को अंजबित सिंह महाविद्यालय में जमकर उड़ें अबीर-गुलाल। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य ओम प्रकाश राम ने की। समारोह अवसर पर प्राचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय शिक्षाविद संस्थापक स्व.नेपाल सिंह के परिसर में स्थापित प्रतिमा पर अबीर-गुलाल अर्पित कर उन्हें याद कर नमन किया। इसके बाद प्राचार्य के साथ समस्त



महाविद्यालय कर्मियों एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए गले मिल भाईचारे का संदेश देते हुए होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। जबकि प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश समस्त कर्मियों और छात्रों के बीच मिठाइयां बांट उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए होली पर्व की बधाई दी। साथ ही बताया कि महाविद्यालय परिवार के ए.एस कॉलेज में शिक्षा के साथ अधूरी पड़ी विकास कार्य पूरा करना मेरा मुख्य उद्देश्य है। दूसरी तरफ कर्मियों ने होली के फाग गीत को ढोल-झाल के साथ गाते हुए होली के रंग में सराबोर नजर आए। आयोजित होली मिलन पर समस्त शिक्षक और कर्मियों ने अपनी खुश व्यक्त करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों के बाद महाविद्यालय इस तरह का मनोरम दृश्य देखने को मिला है। साथ वर्तमान प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश राम के नेतृत्व में महाविद्यालय पूर्ण विकास की नई शिखर पर पहुंचने को अग्रसर है। जिनके सराहनीय विकास कार्य से आने वाले दिनों में अंजबित सिंह महाविद्यालय बिहार में अपना शिक्षा जगत में एक अलग स्थान स्थापित करेगा। यह आयोजन छात्रों के बीच के मनमुटाव को दूर कर उनमें सामाजिक सद्भाव और एकता की भावना को भी मजबूत करता है। समारोह अवसर पर प्रो. प्रभात कुमार, प्रो.चंद्रशेखर कुमार, डॉ.परवेज अहमद, डॉ.भरत प्रसाद, प्रो.डॉ. कन्हैया सिंह, डॉ.रविकांत पांडे, प्रो.संकेश्वर सिंह,अंकित कुमार, कर्मचारी संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, शौर्य गुप्ता, डॉ.अशोक सिंह, डॉ.दिवेश पांडे, लेखपाल विनोद कुमार सिंह, डॉ.धीरेंद्र प्रताप, नितेश कुमार,राजीव रंजन,अक्षय प्यारे जी, कुमार दिनेश,मनोज कुमार, संतोष पांडे, कृष्ण प्रसाद, अजय कुमार गुप्ता, मो.कमाल वारसी, कर्मेंद्र कुमार, अजीत कुमार सहित समस्त महाविद्यालय कर्मी व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# बिहार में बड़ा रेल हादसा टला : बाल -बाल बची इंटरसिटी एक्सप्रेस, महज 10 दिन में टूटा नई रेललाइन का ट्रैक

**एजेंसी। पटना**

बेतिया के कुमार बाग रेलखंड पर ट्रैक फैक्चर से बड़ा रेल हादसा टला। इंटरसिटी एक्सप्रेस 2 घंटे रुकी रही। दोहरीकरण के 10 दिन बाद सामने आई तकनीकी खामी। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में शनिवार को एक बड़ा रेल हादसा टल गया। इंडियन रेलवे के अधीन चलने वाली बगहा-पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस कुमार बाग रेलखंड पर दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची। घटना के बाद यात्रियों में अफरातफरी का माहौल बन गया, हालांकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार कुमार बाग रेलखंड पर हाल ही में 9 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य पूरा किया गया था। इस रेलखंड का सीआरएस (कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी) निरीक्षण 18 फरवरी को हुआ था। निरीक्षण के बाद इस ट्रैक



पर ट्रेनों को 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने की अनुमति दी गई थी। लेकिन महज 10 दिनों के भीतर ही ट्रैक में फैक्चर आ जाने से रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना उस समय हुई जब बगहा-पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस कुमार बाग रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची। अचानक रेल ट्रैक में फैक्चर की सूचना मिली, जिसके बाद एहतियातन ट्रेन को रोक दिया गया। करीब दो घंटे तक इंटरसिटी एक्सप्रेस स्टेशन के पास खड़ी रही। ट्रेन में सवार यात्री काफी देर तक असमंजस में रहे, लेकिन रेलवे कर्मचारियों ने उन्हें सुरक्षित बनाए रखा।सूचना मिलते ही रेलवे के तमाम अधिकारी और इंजीनियर मौके पर पहुंच गए। तकनीकी टीम ने तुरंत ट्रैक की जांच की और फैक्चर वाले हिस्से की तात्कालिक मरम्मत शुरू की। आपात मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस को सावधानीपूर्वक आगे के लिए रवाना किया गया। अन्य ट्रेनों की आवाजाही को प्रभावित न होने देने के लिए उन्हें दूसरे रेल लाइन से संचालित किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोहरीकरण कार्य हाल ही में पूरा हुआ था और इतनी जल्दी ट्रैक में दरार आ जाना गंभीर लापरवाही की ओर इशारा करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, ट्रैक फैक्चर कई कारणों से हो सकता है, जैसे तापमान में अचानक बदलाव, निर्माण में तकनीकी खामी या सामग्री की गुणवत्ता में कमी। हालांकि वास्तविक कारण का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। रेलवे अधिकारियों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच में यह देखा जा रहा है कि कहीं निर्माण कार्य में कोई कमी तो नहीं रह गई थी या फिर ट्रैक की नियमित निगरानी में चूक हुई। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी या कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि सतर्कता और समय पर कार्रवाई के कारण एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस तरह की घटनाएं यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती हैं। फिलहाल स्थिति सामान्य है और रेल परिचालन सुचारु रूप से जारी है, लेकिन जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

# अप्रैल में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगी आयोजित

**केटी न्यूज। आरा**

श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय,शाहपुर जो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की एक महत्वपूर्ण अंगीभूत इकाई है। जो आगामी 7 एवं 8 अप्रैल को एक ऐतिहासिक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य विषय बिहार में उच्च शिक्षा का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं डिजिटल रूपांतरण चुनौतियाँ, अवसर और नीतिगत निहितार्थ निर्धारित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य उच्च शिक्षा में डिजिटल परिवर्तन,तकनीकी नवाचार और वैश्विक अकादमिक संवाद को बढ़ावा देना है, ताकि बिहार की शैक्षणिक व्यवस्था को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल सके।इस सम्मेलन में विश्व के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों से ख्यातिप्राप्त विद्वानों एवं विशेषज्ञों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। लंदन स्थित यूसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के प्रो. वेन होम्स, ईरान की डॉ. सौगंध अकबेरियन तथा ओपन यूनिवर्सिटी ऑफ श्रीलंका के डॉ.एस.पद्मनेसन अंतर्राष्ट्रीय वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही देश के अग्रणी संस्थानों से आईआईटी बीएचयू के प्रो. अजीत मिश्रा एवं आईआईएम रांची के डॉ. प्रशांत मौर्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल शिक्षण पद्धतियों तथा उच्च शिक्षा में नवाचार से संबंधित अपने शोध अनुभव साझा करेंगे।इस वृहद आयोजन को यूनिसेफ बिहार तथा इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। शताब्दी वर्ष मना रही आईसीसी की सहभागिता से सम्मेलन को अकादमिक, औद्योगिक तथा सामाजिक विकास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण आयाम प्राप्त होंगे। सम्मेलन का आयोजन हाइब्रिड मोड(ऑनलाइन - ऑफलाइन) में किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश के शोधार्थी, शिक्षक एवं शिक्षाविद व्यापक स्तर पर इसमें सहभागिता कर सकेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य सह सम्मेलन संयोजक प्रो. डॉ. गुलाब फलाहारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तकनीक आधारित शिक्षण, डिजिटल नवाचार और बहुविषयी शिक्षा को विशेष महत्व देती है। इसी संदर्भ में सम्मेलन के अंतर्गत बिहार जैसे विकासशील राज्य में डिजिटल अवसंरचना की चुनौतियाँ, ग्रामीण-शहरी शैक्षणिक अंतर, शिक्षकों की डिजिटल तैयारी, ई-लर्निंग की संभावनाएँ तथा नीतिगत क्रियान्वयन जैसे विषयों पर सात विभिन्न अकादमिक सत्रों में विस्तृत चर्चा की जाएगी। आयोजन सचिव डॉ. अम्बरीष गौतम के अनुसार सम्मेलन में हिंदी (यूनिकोड/मंगल) एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शोध पत्र आमंत्रित किए गए हैं, जिससे व्यापक अकादमिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके।सम्मेलन में प्रस्तुत चयनित उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्रों को आईएसबीएन युक्त संपादित पुस्तक या प्रतिष्ठित आईएसएसएन शोध पत्रिकाओं में प्रकाशन का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 25 मार्च, 2026 तक अपना पूर्ण शोध पत्र प्रेषित कर सकते हैं तथा आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

# नारायणपुर में दबंगों ने सरकारी जमीन पर घेराबंदी कर ग्रामीणों की दी धमकी



**केटी न्यूज। आरा**

नारायणपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव स्थित जामुनी टोला वार्ड संख्या 13 में स्थानीय दबंगों द्वारा आम आनावाद बिहार सरकार की जमीन पर एक दबंग परिवार के सदस्यों द्वारा चारदीवारी निर्माण करते हुए अवैध कब्जा के साथ-साथ सार्वजनिक रास्ते पर भी रोक लगाया गया। जिसको लेकर गांव के दो पक्षों के बीच तनाव गहराने लगा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन देकर चारदीवारी निर्माण से संबंधित सार्वजनिक रास्ते पर लोग रोक लगाने समेत अन्य बिंदुओं पर अंचलाधिकारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी जिलाधिकारी भू-राजस्व मंत्री समेत अन्य वरीय पदाधिकारी को देखकर मामले से अवगत कराते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाने तथा रास्ता निकासी करने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीण माया देवी दूधेश्वर शर्मा चंदेश्वर सिंह पवन सिंह देवासी देवी संजय सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन कॉपी सौंप निर्माण कार्य पर रोक लगाने तथा रास्ता निकासी करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि नारायणपुर वार्ड संख्या 12 और 13 का यही मुख्य निकासी मार्ग है। जिस पर स्थानीय एक दबंग परिवार के व्यक्तियों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा जमाने के साथ ही चारदीवारी निर्माण कर रास्ते पर भी रोक लगा दिया गया है। दूसरी तरफ ग्रामीण ने बताया कि आम आनावाद बिहार सरकार की जमीन पर सार्वजनिक सार्वजनिक रास्ता को दबंगों द्वारा किया गया चारदीवारी निर्माण इस संबंध में माया देवी दूधेश्वर शर्मा समेत दर्जनों ग्रामीण द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन अंचल अधिकारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी जिलाधिकारी भू राजस्व मंत्री समेत अन्य वरीय पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर मामले से अवगत कराते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

## एक नजर

### विद्यालय का शैक्षणिक परिभ्रमण दल बच्चों साथ हुआ रवाना

**कोचस।** कोचस प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राओ का शैक्षणिक परिभ्रमण दल शनिवार को रवाना हुआ। इस दौरान मध्यविद्यालय सरेयां के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार तिवारी व वरीय शिक्षक सुधीर चौधरी एवं शिक्षिका प्रियंका तिवारी व अमिता कुमारी के नेतृत्व में बच्चे दुर्गावती डैम, मां मुंडेशवरी पर्यटन स्थल एवं वन्य क्षेत्र से रूबरू हुए। मध्यविद्यालय सावनडिहरी के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, चंद्रभूषण गुप्ता के नेतृत्व में ढाई दर्जन बच्चे परिभ्रमण पर गये। वहीं मध्यविद्यालय कथराई के बच्चे प्रधानाध्यापक निर्भय कुमार के नेतृत्व में शेरशाह के मकबरा, गीताघाट आश्रम, दुर्गावती जलाशय के बारे में जानकारी हासिल किए।शिक्षकों ने बताया कि बच्चे पर्यावरण के साथ साथ ऐतिहासिक जगहों, महापुरुषों एवं पर्यटन स्थलों के बारे में विधिवत जानकारी हासिल कर अपने साथियों के बीच जानकारी देंगे।

### विद्यालय के संस्कृति कार्यक्रम बच्चो ने दिखाई कलाकृति

**कोचस।** स्थानीय प्राथमिक व मध्यविद्यालय के वार्षिक महोत्सव पर बच्चो के द्वारा शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें बच्चों ने कला प्रस्तुति कर धमाल मचा दिया,जिसे देखकर श्रोता मन्त्रमुग्ध हो गये। बच्चों ने नृत्य व संगीत के माध्यम से नशामुक्त समाज बनाना, बाल विवाह जैसे कुरुतियों के प्रति जागरूक संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शेषनाथ कुमार व संचालन महेंद्र गुप्ता एवं मुकेश कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से किया।अतिथियों का स्वागत प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक सुनील ने किया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन परसथुआ थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल, कथराई पंचायत की मुखिया निर्मला कुमारी व सामाजिक कार्यकर्त्ता राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम को जिला पार्षद विनय पाल, जयशंकर प्रसाद,धनंजय शर्मा,टेट स्टेट शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनय पाण्डेय, अलोक सिंह समेत अन्य ने सम्बोधित किया।मौके पर बीरेंद्र सिंह, घूरफेकन चौधरी,पूर्व प्रमुख रामाशीष पासवान, सीताराम सिंह,रामविश्वास सिंह, शिक्षिका सुनीता कुमारी, इंद्री कुमारी, बबिता कुमारी समेत अन्य काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

### बिहार स्टेट बार कैंसिल पटना के चेयरमैन का किया गया स्वागत, लाखों की लागत से बना बार शेड का किया उद्घाटन

**बिक्रमगंज।** व्यवहार न्यायालय करियाबाल बिक्रमगंज में शनिवार को बिहार स्टेट बार कौंसिल पटना के चेयरमैन रामाकांत शर्मा का अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अनुमंडल कार्यालय परिसर के समीप लाखों के लागत से बना बार शेड का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन बिक्रमगंज के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज एवं संचालन महासचिव रविरंजन कुमार उर्फ मुन्ना सिंह ने किया। इस अवसर पर बार एसोशिएशन बिक्रमगंज के सभी अधिवक्ताओं समेत प्रशासनिक अधिकारी के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### बेटी की शादी तय कर लौट रहे पिता की सड़क दुर्घटना में मौत,बेटी जख्मी

**बिक्रमगंज।** सासाराम पथ पर शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के सोनफुला पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की टक्कर में संझोली थाना क्षेत्र के गरुड़ा निवासी 62 वर्षीय जोखन सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी 20 वर्षीय पुत्री सरीता कुमारी बुरी तरह से जख्मी हो गई है। जिसका इलाज बनारस में चल रहा है। एक अन्य युवक के जख्मी होने की सूचना है। जख्मी युवक संझोली थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया निवासी बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक अपनी बेटी की शादी के सिलसिले में लड़की दिखाने के कार्यक्रम में अपनी पुत्री को लेकर बिक्रमगंज गए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद बाइक से अपने गांव गरुड़ा लौट रहे थे। बाइक राजपुर थाना क्षेत्र के जनेरिया का उनका भतीजा चला रहा था। मानी गांव के समीप स्थित सोनफुला पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए जैसे हीं वह दाहिने मुड़ा। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक पर सवार गरुड़ा निवासी जोखन सिंह और उनकी पुत्री तथा दूसरे बाइक पर सवार एक युवक जख्मी है गया। जोखन सिंह और उनकी पुत्री को सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात जोखन सिंह की मौत हो गई। जबकि पुत्री को चिकित्सकों ने बनारस रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अन्य बाइक पर सवार मिश्रवलिया के एक युवक के जख्मी होने की सूचना है, लेकिन उसके संबंध में विशेष जानकारी नहीं मिल सकी है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौप दिया गया है। एक बाइक जब्त कर ली गई है, जबकि दूसरे बाइक को लेकर लोग फरार हो गए है।

### कस्तर महादेव में होली महोत्सव पर फाग गायन कार्यक्रम का आयोजन

**बिक्रमगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कस्तर में स्थित प्राचीन कस्तर महादेव मंदिर के प्रांगण में इंद्रार्थ खुर्द के गायन मंडली के तत्वावधान में शनिवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंगल पाठ में कस्तर महादेव के महिला सहित अन्य पहलुओं पर व्याख्यान किया गया। मंगल पाठ में मंगल भवन अमंगल हारी महादेव तेरो नाम सुहानीङ्घङ्घ.. से मंदिर परिसर गूंजायमान होता रहा। इस दौरान हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान होता रहा। कार्यक्रम के दौरान व्यास बिहारी तिवारी, गोलू मिश्रा, ढोलक पर नरेंद्र मिश्रा तथा संगत में कमल नारायण मिश्रा उर्फ झूनझून मिश्रा, अरूण मिश्रा, शालीक मिश्रा, कन्हैया मिश्रा, धिरेंद्र मिश्रा, श्रीभगवान, रामदान, सुधन साधु आदि के द्वारा फागुन के भजन तुम झोली भर लो भक्तों काजु बादाम से होली खेलगा गिरघर गौपाल सङ्घहोली खेलांग फागुन का दिन सांवरिया खर्चो भेज दे सांवरिया फागुन को मेलो आयोङ्घहो रही बाबा की नगरी में केसर चंदन को छिड़काव तथा देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। कार्यक्रम के उपरांत गुलाल, अबीर फूलों की होली खेली गयी।

# विश्वविद्यालय-महाविद्यालय के होली मिलन समारोह में उड़े अबीर-गुलाल

**केटी न्यूज। आरा**

शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एस.बी. कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। समारोह में कॉलेज प्रशासन, प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पूरे परिसर में रंग, गुलाल और पारंपरिक गीत-संगीत की मधुर धुनों ने उत्सवी माहौल बना दिया।कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने होली गीत, समूह नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक फगुआ और भोजपुरी होली गीतों पर छात्र-छात्राएं झूमते नजर आए। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर सभी ने



प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो मीना कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि होली रंगों का ही नहीं, बल्कि आपसी सद्भाव और सामाजिक समरसता का पर्व है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें और सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल होली मनाएं।समारोह के दौरान मिठाइयों एवं पारंपरिक व्यंजनों का भी वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और सौहार्द का विशेष ध्यान रखा गया।अंत में सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे प्रेम और एकता के रंगों को जीवन में बनाए रखेंगे। होली मिलन समारोह ने कॉलेज परिवार के बीच आपसी जुड़ाव को और मजबूत करने का कार्य किया।डॉ अरविंद कुमार,डॉ अभिनव आनंद,डॉ गुंजन कुमार,डॉ आदित्य कुमार आनन्द,डॉ मुन्ना कुमार,डॉ अशोक तिवारी,डॉ राधिका रमण,डॉ रीना देवी डॉ पंकज कुमार,रमेश राय, सुमीर शर्मा,अनिल, कृष्ण कुमार भास्कर ,डॉ राकेश चौधरी,डॉ अनंत कुमार डॉ अनामिका कुमारी मौजूद रहे।

## वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

आरा (भोजपुर) विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक समरसता का पर्व है। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कुलसचिव प्रो.राम कृष्ण ठाकुर, वित्त पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ राजू मोची, डॉ. अनुज रजक, डॉ.राकेश रंजन आदि थे।

# जेपीएस स्कूल के होली मिलन में बच्चों और शिक्षकों ने उड़ाया अबीर-गुलाल

**केटी न्यूज। नवादा**

जेपीएस स्कूल के बच्चों ने एक दूसरे में गुलाल लगाकर मिठाई और चॉकलेट खिला कर, होली का पर्व मनाया, बच्चों ने मनमोहन गाना गाकर एक दूसरे का मन मोह लिया, वही जे पी एस स्कूल का संचालक संतोष कुमार ने बताया कि होली भारतीय संस्कृति का प्रमुख रंगों का त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत,वसंत ऋतु के आगमन और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह प्रेम,क्षमा और आपसी मनमुटाव को भुलाकर नए रिश्ते जोड़ने का अवसर है। यह त्योहार एकता और भाईचारे का संदेश देता है, जहां सभी लोग भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे को रंगों और गुलाल लगाते हैं,वही स्कूल के अकाउंटेंट शिक्षिका विजया अधिकारी ने बताया कि बिहार में होली का बहुत ही महत्व है यहां होली मुख्य रूप से तीन दिन मनाया जाता है, लेकिन हमारे यहां पश्चिम बंगाल में एक दिन का होली चलता है, और उन्होंने बच्चों को यह संदेश दिया कि मिलजुलकर अच्छे से होली पर्व मनाएं। यह पर्व सामूहिकता, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। होली की अन्य पौराणिक मान्यताएँ भी हैं। जैसे राधा-कृष्ण के बीच प्रेम का उत्सव, वही स्कूल के शिक्षिका अंशु कुमारी ने बताया की होली का मुख्य संदेश बुराई पर अच्छाई की जीत, सामाजिक एकता,प्रेम और सौहार्द्र है, जो रंगों के माध्यम से सभी भेदभावों को मिटाकर लोगों को एक साथ लाता है और जीवन में खुशियों व नएपन का संदेश देता है। साथ ही यह आध्यात्मिक शुद्धि और नकारात्मकता को जलाने का भी प्रतीक है वही स्कूल के टीचर संदीप वर्मा ने होली, नवरात्री,छठ पूजा और राम नवमी की पूरे रजौली वासी को जे पी एस फॅमिली की ओर से हार्दिक हार्दिक शुभकामनायें ओर बधाई।होलिका हमारे विकारों और क्रोध,अहंकार, लोभ,मोह का प्रतीक है। मौके पर शिक्षक अभिजीत विश्वकर्मा,अजीत कुमार,ममता कुमारी,मीनाक्षी कुमारी, तन्नू कुमारी,नरेश यादव, सुमन कुमारी सहित सैकड़ों छात्रछात्राएं मौजूद थे।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 1 मार्च 2026
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# सरकार ने बनाया बड़ा प्लान : करोड़ों की लागत से बिहार में बनेंगे 6 आधुनिक ई-बस डिपो


**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार ने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, भागलपुर और पूर्णिया में 62.83 करोड़ रुपये की लागत से छह आधुनिक ई-बस डिपो बनाने का निर्णय लिया है। बिहार में इलेक्ट्रिक बस सेवा को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने छह प्रमुख शहरों में आधुनिक बस डिपो के निर्माण का फैसला लिया है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि पटना, गया, मुजफ्फरपुर,



दरभंगा, भागलपुर और पूर्णिया में कुल 62 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से सरकारी डिपो बनाए जाएंगे। दैनिक समाचार सारांश यह कार्य प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत किया जा रहा है। डीपो का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा होगा। इनके बनने से ई बसों का संचालन, रखरखाव और चार्जिंग सुविधा में काफी सुधार होगा। साथ ही ड्राइवर-कंडक्टरों को बेहतर आराम की व्यवस्था मिलेगी। प्रति डिपो में प्रशासनिक भवन, कार्यशाला, बस धुलाई रैंप, एक साथ कई बसों की पार्किंग क्षमता, चार्जिंग स्टेशन के अलावा, पावर बैकअप मौजूद होगा। इसके अलावा सार्वजनिक शौचालय, लगभग 2 मीटर ऊंची सीमा दीवार व फीडिंग रूम भी होगा। मुजफ्फरपुर- टर्मिनल सह सार्वजनिक प्रतीक्षालय क्षेत्र, शेड, सड़क, पेवर ब्लॉक, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म व गार्ड रूम गया- सड़क, पेवर ब्लॉक, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, दुकान, टर्मिनल व ई-बस चार्जिंग स्टेशन, भागलपुर- पेवर ब्लॉक, सड़क, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, सीमा दीवार, गार्ड रूम, टर्मिनल और ई-बस स्टेशन पर शेड, पूर्णिया- टर्मिनल सह सार्वजनिक प्रतीक्षालय क्षेत्र, शेड, पेवर ब्लॉक, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म , दरभंगा- शेड, पेवर ब्लॉक, दुकान, एलिवेटेड प्लेटफॉर्म, गार्ड रूम, सीमा दीवार, परिवहन मंत्री ने कहा कि ये आधुनिक डिपो इलेक्ट्रिक बसों के सुरक्षित संचालन, बेहतर रखरखाव, यात्रियों की सुविधा और चालक कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# राजस्व विभाग को स्मार्ट बनाने की तैयारी : कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए चैट जीपीटी और एआई का इस्तेमाल करने का निर्देश



## मुंगेर के पांच अंचलों में 306 मौजा का हुआ अंतिम प्रकाशन

मुंगेर जिले के पांच अंचलों में स्थित 306 मौजों में प्रथम चरण का सर्वे का कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसमें 108 मौजा का अंतिम प्रकाशन कर लिया गया है। जबकि 298 मौजा का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जा चुका है।

## दाखिल खारिज के 13196 मामले निष्पादित

प्रधान सचिव ने दाखिल खारिज से संबंधित मामलों की समीक्षा की, जिसमें 1 अप्रैल 2025 से 26 फरवरी 26 तक 19220 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 13196 मामलों का निष्पादन कर दिया गया था। वहीं विभिन्न त्रुटियों के कारण 3834 आवेदनों को वापस किया गया है, जबकि 6024 मामले लंबित पाए गए। प्रधान सचिव ने तुरंत उसे निष्पादन करने का निर्देश दिए। इसी प्रकार 1 अप्रैल 25 से लेकर 26 फरवरी तक ऑन लाइन दाखिल खारिज के कुल 120051 मामले आए थे, जिसमें 118966 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। जो 88 फीसदी है।

**एजेंसी। पटना**

मुंगेर में आयोजित राजस्व प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए चैट जीपीटी और अन्य एआई टूल्स का उपयोग करें। साथ ही, एक वर्ष के भीतर भूमि सर्वे कार्य पूरा करने और लंबित दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश भी दिए। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तत्वावधान में शनिवार को मुंगेर स्थित प्रेक्षागृह में राजस्व प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने लोगों की फरियाद को सुनी और उसका निष्पादन करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। समीक्षा बैठक में प्रधान सचिव ने कहा कि अधिकारियों में यह प्रशासनिक क्षमता होनी चाहिए कि वे अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों और कर्मचारियों की कैपेसिटी विल्डप कर उनकी क्षमता को मजबूत कर सकें। उन्होंने भू राजस्व पदाधिकारियों, अंचल पदाधिकारियों और बंदोबस्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए चैट जीपीटी, एआई सहित अन्य टूल्स का इस्तेमाल करें। एप्रधान सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा एक साल में सर्वे का कार्य खत्म करने का निर्देश दिया गया है। इसमें तेजी लाई जाए और सर्वे अमीन अपनी डायरी को प्रतिदिन भरकर उसे पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले यह इंट्री साप्ताहिक होती थी, लेकिन इसे प्रतिदिन करना है ताकि सर्वे अमीन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों का दैनिक प्रतिवेदन मुख्यालय को प्राप्त हो सके। प्रधान सचिव ने कार्यालयों में मुंशी और दलालों की प्रथा को समाप्त करने के लिए पहले ही पत्र विभाग द्वारा निर्गत किया गया है। यह प्रथा भी दहेज प्रथा और सती प्रथा जैसी एक सामाजिक बुराई है। राजस्व प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुंगेर पहंचे राजस्व विभाग के प्रधान सचिव श्री सीके अनिल अधिकरियों के साथ बैठक कर राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने परिमार्जन प्लस की प्रगति, दाखिल-खारिज / नामांतरण वादों की स्थिति, भूमि विवादों का निष्पादन, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, डीसीएलआर न्यायालयों में लंबित वाद, भूमि मापी की प्रगति, राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली की स्थिति और राज्य में चल रहे भूमि सर्वेक्षण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उसके बाद मुख्यालय से पुहंचे वरीय अधिकारियों को आवंटित किए गए अंचलों की समीक्षा करने के लिए भेजा गया।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थिति में किन्नर की मौत, किराये के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**बगहा ।** बगहा के पटखौली थाना क्षेत्र के डुमवलिया मोहल्ले में एक 30 वषीर्या किन्नर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान रेणु देवी के रूप में हुई है, जो पिछले 3 महीने से चंदन कुमार सिंह के मकान में किराए पर रह रही थी। वह अपने कमरे में फंदे से लटकी मिली है। किन्नर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मकान मालिक ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दल बल के साथ मौके पर पहुंचे पटखौली थानाध्यक्ष हृदयानंद ने पूरी घटना की जानकारी ली। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। सूचना पर एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचीं और साक्ष्य संकलन में जुट गई। पुलिस ने मकान मालिक, पड़ोसियों व अन्य किरायेदारों से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बगल के कमरे में एक अन्य किन्नर लैला और पास में ही डायल 112 का पुलिसकर्मी भी रहता है, जो घटना के समय ड्यूटी पर था। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### होली में नहीं बजेगा डीजे : अश्लील गाना बजाने वालों की भी खैर नहीं

**पटना।** रंगों का त्योहार होली में इस बार डीजे नहीं बजेगा और ना ही अश्लील गाना ही बजेगा। होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर यह फैसला लिया गया है। सुगौली थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। यदि कोई ऐसा करते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुगौली में थाना परिसर में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सुगौली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने की। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति अश्लील या भड़काऊ गीत बजाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह फैलाने की सूचना तत्काल थाना या किसी पुलिस पदाधिकारी को दें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियो में धर्मेंद्र कुमार नायक,विकास शर्मा, नुरुल होदा कुरैशी, नईम खान, बृजाभार साह सहित अन्य लोगों ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ होली मनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि त्योहार खुशी और प्रेम का प्रतीक है, इसलिए किसी पर जबरन रंग न डालें तथा एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।बैठक में राजस्व पदाधिकारी राधे श्याम प्रसाद, थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, गुड्डू श्रीवास्तव, अरविंद यादव, अनिरुद्ध सिंह, लक्ष्मी सर्राफ, अशोक सोनी, श्याम शर्मा, सोना लाल सहनी,हरिशंकर सर्राफ,अवनीश कुमार जानू, शैलेश पटेल,शिव राम,अकरम रजा, शम्भू यादव,रवि पासवान, बिट्टू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भिक्षावृत्ति से मुक्त होगा बिहार, नीतीश सरकार ने उठाया बड़ा कदम, 38 जिलों में सर्वेक्षण शुरू

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग ने राज्य को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने और प्रभावित व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में एक बड़ी और मानवीय पहल शुरू की है. 'मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना' एवं 'SMILE Scheme' के तहत शुक्रवार ( 27 फरवरी) को राज्य के सभी 38 जिलों में भिक्षुक सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया गया. इस राज्यव्यापी अभियान की शुरूआत समाज कल्याण विभाग की सचिव सह 'सक्षम' की कार्यकारिणी समिति की अध्यक्ष बंदना प्रेयषी द्वारा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई. इस अवसर पर 'सक्षम' (स्टेट सोसाइटी फॉर अल्ट्रा पूअर एंड वेल्फेयर) के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी योगेश कुमार सागर भी उपस्थिति रहे. इस अभियान के तहत राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों, बस पड़ावों और धार्मिक स्थलों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भिक्षावृत्ति में संलिप्त महिला, पुरुष, बच्चों एवं ट्रांसजेंडर भिक्षुकों की पहचान की जाएगी. बांका जिले में भी इस सर्वेक्षण कार्य



को गति देने के लिए राजन कुमार को सर्वेयर के रूप में चयनित किया गया है, जो क्षेत्र में जाकर भिक्षुकों का डेटा पहले हार्ड कॉपी प्रपत्र में अंकित करेंगे और फिर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर संधारित करेंगे. आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए यह पूरा सर्वेक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित किया जा रहा है ताकि डेटा की सटीकता सुनिश्चित की जा सके. इस व्यापक मुहिम का मुख्य उद्देश्य केवल आंकड़े जुटाना नहीं, बल्कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनका प्रभावी पुनर्वास करना है. बांका सहित पूरे राज्य में यह सर्वेक्षण कार्य 30 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है. सर्वेक्षण के बाद चिह्नित व्यक्तियों को उचित देखरेख और कौशल विकास के जरिए समाज की मुख्यधारा में वापस लाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें. विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों की सूचना देने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-345-6262 पर संपर्क करें, ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म कर एक सशक्त बिहार का निर्माण किया जा सके।

# पटना यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में फायरिंग, पटना साइंस कॉलेज में दो राउंड गोली चलने से मची दहशत

**एजेंसी। पटना**

पटना विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव के लिए को हो रहे मतदान के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पटना साइंस कॉलेज परिसर में बदमाशों ने फायरिंग कर दी। दो राउंड गोली चलने की सूचना है। घटना के बाद परिसर में दहशत का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया प्रभावित हुई। हालांकि गनीमत रही कि इस गोलीबारी में कोई छात्र या कर्मचारी घायल नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय छात्रसंघ चुनाव के तहत मतदान जारी था। इसी दौरान बुलेट बाइक सवार कुछ युवक कॉलेज परिसर के पास पहुंचे और अचानक हवाई फायरिंग कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गोली चलने की आवाज सुनते ही छात्र-छात्राओं में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कई छात्र अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मतदान केंद्र के आसपास मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे परिसर को घेर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। अधिकारियों का कहना है कि फायरिंग करने वालों की पहचान की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शुरूआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि दहशत फैलाने के मकसद से फायरिंग की गई थी। घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने छात्रों से शांत रहने की अपील की और मतदान प्रक्रिया को दोबारा सुचारू रूप से शुरू कराया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है ताकि चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। छात्रसंघ चुनाव को लेकर पहले से ही कैंपस में गहमागहमी थी। विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों और उनके समर्थकों के बीच प्रचार-प्रसार और मतदान को लेकर उत्साह देखा जा रहा था। ऐसे में अचानक हुई फायरिंग की घटना ने सभी को चौंका दिया। कई अभिभावकों ने भी घटना पर चिंता जताई है और प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। शहर के प्रमुख चौराहों और कॉलेज के आसपास नाकेबंदी कर संदिग्धों की तलाश की जा रही है। मामले की

# नीट छात्रा कांड की कोर्ट में सुनवाई: पीड़िता के वकील बोले-मामले को रफा-दफा कर रही है सीबीआई, अदालत ने जताई नाराजगी

**एजेंसी। पटना**

पटना के बहुचर्चित नीट छात्रा कांड में आज पटना सिविल कोर्ट ने सीबीआई की जमकर क्लास लगाई. कोर्ट ने आज तीन घंटे से ज्यादा समय तक इस मामले की सुनवाई की. पीड़ित पक्ष के वकील ने कहा कि सीबीआई पूरे मामले की लीपा-पोती करना चाहती है. उसने नाबालिग लड़की का मामला होने के बावजूद पॉक्सो एक्ट नहीं लगाया है. सीबीआई द्वारा दर्ज किये गये केस में कई गड़बड़ी है. कोर्ट ने इस केस की जांच कर रहे सीबीआई के अधिकारी को लिखित जवाब देने का निर्देश किया है. वहीं, पटना के एसएसपी, बेऊर जेल के सुपरीटेंडेंट समेत दूसरे अधिकारियों को कोर्ट में तलब किया गया है. कोर्ट इस मामले पर फिर से 2 मार्च को सुनवाई करेगा. उधर, इस मामले में जेल भेजे गये हॉस्टल मालिक मनीष रंजन को जमानत मिलने की संभावना है. पटना कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा कि मनीष रंजन को न्यायिक हिरासत में रखने का कोई मतलब नहीं है. अगर उसे जमानत दे दी जाये तो सीबीआई को कोई ऐतराज नहीं है. यानि सीबीआई को




अपनी जांच में मनीष रंजन के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है. बता दें कि बिहार पुलिस ने नीट छात्रा कांड में शंभू गर्ल्स हॉस्टल के मालिक मनीष रंजन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. बाद में इस मामले की जांच सीबीआई के हाथों में आ गई. जेल में बंद मनीष रंजन ने अपनी जमानत के लिए पटना कोर्ट में याचिका दायर की है. उस याचिका पर कोर्ट में आज दूसरे दिन सुनवाई हुई. मनीष रंजन की जमानत और नीट छात्रा से जुड़े मामले पर पटना कोर्ट में आज तीन घंटे से ज्यादा समय तक सुनवाई हुई. मृत छात्रा के परिजनों की ओर से हाईकोर्ट में पेश हुए वकील एस.के. पांडेय ने सीबीआई पर गंभीर आरोप लगाया है. एसके पांडेय ने कहा कि मृतका की उम्र 17 साल 4 महीने थी. उसी जन्मतिथि स्कूल सर्टिफिकेट से लेकर दूसरे तमाम कागजातों में दर्ज है. लेकिन सीबीआई ने नाबालिगों के लिए बने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज नहीं किया है. वकील ने कहा कि सीबीआई के आईओ कानून और संविधान को नकार कर काम कर रहे हैं. कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई में आज सीबीआई और बिहार पुलिस दोनों के अनुसंधानकर्ताओं को पेश होने को कहा था. दोनों आज कोर्ट में मौजूद थे. कोर्ट ने सीबीआई से पूछा कि वह 15 दिनों से इस मामले की जांच कर रही है, उसे अब तक क्या हासिल हुआ है. सीबीआई ने पॉक्सो की धारा क्यों नहीं लगाई।

# पटना से निकले स्टार्टअप की उड़ान: करोड़ों के रेवेन्यू तक पहुंची सफलता



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शुरू की गई स्टार्टअप नीतियों का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। राजधानी पटना से शुरू हुए स्टार्टअप आज रेलवे और वित्तीय क्षेत्र में अपने इनोवेटिव सॉल्यूशन के दम पर करोड़ों का रेवेन्यू हासिल कर रहे हैं। सरकारी सहयोग, प्लग एंड प्ले मॉडल और आसान ऋण सुविधा ने युवाओं को नौकरी से आगे बढ़कर नवाचार की राह चुनने के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार ने बिहार में अपने जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों युवाओं के सपनों को संवारा है। साल 2005 से पहले बिहार को पिछड़े राज्य की सूची मे अव्वल रखा जाता है। आज वहीं बिहार स्टार्टअप योजना के बाद अपने सफल स्टार्टअप से देश-विदेश में अपना परचम लहरा रहें है। इसी कड़ी में प्रदेश की राजधानी पटना में शुरू हुए दो स्टार्टअप फिनेस इंडिया व सर्व सुविधान प्राइवेट लिमिटेड आज रेलवे व वित्तीय सेक्टर में अपने समाधान से एक अलग पहचान बनाने में सफल रहे है। उद्यमियों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि अपने कार्यक्षेत्र में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी करने की बजाय उन्होंने उद्यमी लगाने की योजना बनायी शुरूआत में फंड की कमी के कारण उन्हें उद्यमी शुरू करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री की स्टार्टअप योजना उनके लिए वरदान साबित हो रहा है। वहीं फिनेस इंडिया के फाउंडर मनीत कुमार सिंह ने बताया कि साल 2022 में बीएचयू से सीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स से टैक्स और अकाउंट के क्षेत्र में सॉफ्टवेयर विकसित कर इस स्टार्टअप को लांच किया। इस स्टार्टअप के जरिये फाइनेंस उपभोक्ताओं को आइटीआर व कम्प्यूटेशन क्षेत्र में आसान सॉल्यूशन प्रदान करके लोगों की सेवा कर रहें है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार के उद्योग विभाग से 25 लाख ऋण प्राप्त होने के साथ-साथ बियाडा की तरफ से राजधानी में जमीन मुहैया भी कराया गया है। ताकि सफल स्टार्टअप के जरिये ट्रेनिंग उद्यमी को भी सीखने का मौका मिल सकें। फाउंडर मनीत ने कहा कि आज उनकी कंपनी 25 लोगों फूल टाइम इंप्लॉयड है। साथ ही वे अन्य नये उद्यमियों को अपने फर्म में सीखने का मौका भी देते है। साल 2021 में लांच हुए स्टार्टअप सर्व सुविधान को बिहार सरकार की तरफ से बेस्ट स्टार्टअप का अवार्ड भी मिल चुका है। कंपनी के फाउंडर अतुल आनंद ने अपने बारे में बताया कि साल 2012 में एनआइटी ट्रीची से कंप्यूटर की पढ़ाई पूरी करने के बाद 10 साल तक मल्टी नेशनल कंपनी में काम किया। साल 2021 में कोरोना लॉकडाउन के दौरान रेलवे उपभोक्ताओं के लिए एक जरूरी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया। जिसमें पैसेंजरों की सुविधा के लिए रेलवे प्लेटफॉर्म व रनिंग ट्रेन पैसेंजरों को जरूरी सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। स्टार्टअप योजना के लाभ से साल 2022-23 में 10 लाख तक का ऋण प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में कई बदलाव किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आज उनका स्टार्टअप बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र में भी उपभोक्ताओं को जरूरी समाधान दे रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि सर्व सुविधान स्टार्टअप ने साल 2022-23 में 10 लाख का रेवन्यू से स्टार्टअप किया था। करीब तीन साल बाद आज कंपनी का रेवन्यू करीब डेढ़ करोड़ दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा फिनेस इंडिया के फाउंडर मनीत कुमार ने बताया कि 2022-23 में साढ़े दस साल रेवन्यू दर्ज किया था। जबकि इस साल 2024-25 में स्टार्टअप का रेवन्यू 3 करोड़ से अधिक दर्ज किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में किन्नर की मौत, किराये के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**एजेंसी। पटना**

बगहा के पटखौली थाना क्षेत्र के डुमवलिया मोहल्ले में एक 30 वषीर्या किन्नर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान रेणु देवी के रूप में हुई है, जो पिछले 3 महीने से चंदन कुमार सिंह के मकान में किराए पर रह रही थी। वह अपने कमरे में फंदे से लटकी मिली है। किन्नर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मकान मालिक ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दल बल के साथ मौके पर पहुंचे पटखौली थानाध्यक्ष हृदयानंद ने पूरी घटना की जानकारी ली। स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। सूचना पर एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचीं और साक्ष्य संकलन में जुट गई। पुलिस ने मकान मालिक, पड़ोसियों व अन्य किरायेदारों से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बगल के कमरे में एक अन्य किन्नर लैला और पास में ही डायल 112 का पुलिसकर्मी भी रहता है, जो घटना के समय ड्यूटी पर था। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।